दिन– रविवार दिनांक– 16 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

दानापुर की खुशबू को पढ़ाई में मदद के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने हर संभव मदद का आश्रवासन दिया है। खुशबू ग्यारहवीं की छात्रा हैं और विज्ञान की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने को इच्छुक है। कुछ दिन पहले उसने कहा था कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसे डॉक्टरी की पढ़ाई नहीं करने दी जा रही है। इस बातचीत का वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आज उससे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह को खुशबू का नामांकन जीव विज्ञान संकाय में दो हजार पच्चीस से दो हजार सत्ताई के अकादमिक सत्र में कराने को कहा। श्री प्रधान ने जिलाधिकारी को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खुशबू की पढ़ाई की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज शाम नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। तीन दिन तक चलने वाले फिटनेस और वेलनेस महोत्सव का उद्देश्य फिट इंडिया अभियान के अनुरूप अधिक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को प्रोत्साहन देना है। इस दौरान रस्सा कूद, क्रिकेट बॉलिंग और पंजा लड़ाना जैसे खेलों का आयोजन होगा। इधर, श्री मांडविया ने आज सुबह अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर फिट इंडिया – रविवार को साइकिल पर अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाना मोटापे से निपटने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है और यह लोगों में फिट रहने के लिए जागरूकता भी पैदा कर सकता है।

———————————————————————

बिहार कांग्रेस ने रोजगार और पलायन के मुद्दे पर आज से विशेष यात्रा की शुरूआत की। कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के नेतृत्व में पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से इसकी शुरूआत हुई। कांग्रेस ने इस यात्रा को पलायन रोको– नौकरी दो नाम दिया।

———————————————————————

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष सोलह मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। मंत्रालय ने बताया है कि राज्य सरकारों और समर्पित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। संपूर्ण टीकाकरण कवरेज के तेजी से विस्तार के लिए वर्ष दो हजार चौदह में मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य शिशु मृत्युदर में कमी लाना और बच्चों में संपूर्ण टीकाकरण को प्रभावी बनाना है।

———————————————————————

राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। आज सुबह से राजधानी पटना बक्सर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और सीवान सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन जिलों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई है। विभाग ने कहा है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है।

———————————————————————

आरा नगर थाना क्षेत्र के बिंद टोली मुहल्ले में अपराधियों ने चार युवकों को गोली मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————

अररिया में एसएसबी की छप्पनवीं बटालियन ने भारत–नेपाल सीमा के बसमतिया पेट्रोल पंप के पास छापेमारी कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।